# भारत-रूस संबंधों में आएगी नई मजबूती

## 23 वें वार्षिकशिखर सम्मेलन में दीर्घकालिक सहयोग पर गहन मंथन

**नई दिल्ली, 04 दिसंबर. भारत और रूस के बीच दशकों पुराना रणनीतिक संबंध आज भी वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच मजबूती से खड़ा है.**

एक विश्लेषण के अनुसार, दोनों देशों की साझेदारी रक्षा, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष, क्षेत्रीय सुरक्षा और द्विपक्षीय सहयोग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निरंतर विस्तार कर रही है. नई दिल्ली में आयोजित 23वें वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन को इसलिए और अधिक अहम माना जा रहा है क्योंकि यह वर्ष दोनों देशों की 25 वर्ष की

## 25 वर्ष की रणनीतिक और 15 वर्ष की साझेदारी का प्रतीक है दोस्ती

औपचारिक रणनीतिक साझेदारी और 15 वर्ष की विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी का प्रतीक है. रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा को वर्ष 2030 तक आर्थिक सहयोग को विस्तृत करने वाली ठोस कार्ययोजना की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. मॉस्को स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की इंडिया स्टडीज प्रमुख और की वरिष्ठ फेलो लिडिया कुलिक ने कहा कि भारत-रूस संबंध उदाहरणीय, भरोसेमंद और स्थिर रहे हैं.



### हाईटेक है पुतिन की लिमोजिन कार

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा में सबसे अधिक चर्चा जिस चीज़ ने बटोरी, वह है उनकी हाई-टेक लिमोजनि कार 'ऑरस सीनेट', सुरक्षा और तकनीक के मामले में यह कार अमेरिकी राष्ट्रपति की प्रसिद्ध कार 'द बीस्ट' को भी पीछे छोड़ देती है. लगभग 7 .2 टन वजनी यह लिमोज़िन हर तरह के खतरों से मुकाबला करने में सक्षम है. इसकी 900 किलो वजनी हाइड्रोलिक डोर, 6 सेंटीमीटर मोटी बुलेटप्रूफ विंडोज, और 250 किमी प्रति घंटे की टॉप स्पीड इसे दुनिया की सबसे सुरक्षित राष्ट्राध्यक्ष कारों में शामिल करती है.

### 5000 हजार सुरक्षा कर्मी सुरक्षा में तैनात

सुरक्षा एजेंट्स राष्ट्रपति के आगमन से पहले आसपास के पूरे इलाके की गहराई से जांच करते हैं, जिसमें मानसिक अस्पतालों से हाल ही में छोड़े गए मरीजों का रिकॉर्ड तक खंगाला जाता है. इधर, दिल्ली में पुतिन के दौरे को लेकर 5 हजार पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं. साथ ही ड्रोनरोधी प्रणाली का इस्तेमाल किया गया है. पुतिन के साथ निजी सुरक्षा टीम भी तैनात की है.

# विदेशी मेहमानों से नहीं मिलने देती सरकार

### मोदी सरकार पर राहुल गांधी का गंभीर आरोप

**नई दिल्ली, 04 दिसम्बर. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि मोदी सरकार में विपक्ष के नेता को विदेशी गणमान्य मेहमानों से मिलने नहीं दिया जाता है.**

राहुल गांधी ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि पहले जो भी विदेशी मेहमान आते थे तो उन्हें विपक्ष के नेता से मिलने दिया जाता था. यह परंपरा मोदी सरकार के आने से पहले तक जारी रही है लेकिन अब नहीं मिलने दिया जाता. उनका कहना था कि विपक्ष के नेता का एक अलग दृष्टिकोण होता है और उसे



विदेशी गणमान्य अतिथि से मिलने की इजाजत होनी चाहिए लेकिन मोदी सरकार और विदेश मंत्रालय इन मानदंडों का पालन नहीं करते हैं. रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन की भारत यात्रा को लेकर पूछे गये सवाल पर श्री गांधी ने कहा आमतौर पर यह परंपरा है कि जो भी बाहर से आता है वह विपक्ष के नेता से भी मिलता है. सरकार उन्हें विपक्ष के नेता से नहीं मिलने के लिए कहती है. यह उनकी नीति है और वे हर बार ऐसा ही करते हैं.


मैं भी जब विदेश जाता हूं तो बताया जाता है कि सरकार का परामर्श है कि इनसे नहीं मिलना है. रूसी राष्ट्रपति के साथ संबंधों को लेकर पूछे गये एक प्रश्न पर उन्होंने कहा हमारे सभी के साथ संबंध हैं. एलओपी एक अलग दृष्टिकोण देता हैं. सरकार नहीं चाहती कि विपक्ष बाहर से आने वाले लोगों से मिले जबकि मिलने की परंपरा रही है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्रालय इस नियम और ऐसे मानदंडों का पालन नहीं करते हैं. कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने राहुल गांधी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया में कहा कि लोकतंत्र में देश में आने वाले गणमान्य मेहमान से मिलने की इजाजत देना अच्छा है.

# यूपी में बेरोजगारी रिकॉर्ड स्तर पर घटी

### एमएसएमई और स्किल मिशन ने बदली यूपी की तस्वीर

**लखनऊ, 04 दिसबंर. उत्तर प्रदेश में रोजगार के मोर्चे पर पिछले आठ वर्षों में बड़ा बदलाव देखने को मिला है.**

एक समय जहां प्रदेश की बेरोजगारी दर 19 प्रतिशत तक पहुंच गई थी, वहीं अब यह घटकर मात्र 2.4 प्रतिशत रह गई है. योगी सरकार का दावा है कि निवेश आकर्षित करने वाली नीतियाँ, उद्योगों को बेहतर माहौल और बड़े पैमाने पर कौशल विकास कार्यक्रम इस परिवर्तन की बड़ी वजह हैं. एमएसएमई क्षेत्र में तेजी, महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और रोजगार मिशन के असर से युवाओं को स्थानीय स्तर पर नौकरी मिलने लगी है. इससे न सिर्फ ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है, बल्कि पलायन भी कम हुआ है. सरकार का मानना है कि यही रफ्तार यूपी को 2047 तक विकसित राज्य बनाने की दिशा में निर्णायक साबित होगी. यूपी रोजगार मिशन ने एक वर्ष में ही 1.25 लाख युवाओं को नौकरी देकर रोजगार बाजार को नई दिशा दी है. एमएसएमई क्षेत्र राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनकर उभरा है. प्रदेश में वर्तमान में 96 लाख एमएसएमई इकाइयाँ सक्रिय हैं, जिन्होंने दो करोड़ से अधिक रोजगार उपलब्ध कराए हैं. सिर्फ पिछले वर्ष इस सेक्टर ने 18 लाख नई नौकरियाँ सृजित कीं. इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत सहारा मिला है.



कौशल विकास मिशन भी युवाओं के लिए गेम-चेंजर साबित हुआ है. 14 लाख प्रशिक्षित युवाओं में से 5 .66 लाख को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है. महिलाओं की औद्योगिक भागीदारी भी बढ़कर 25 प्रतिशत तक पहुँच गई है, जिससे परिवारों की आर्थिक स्थिति और सामाजिक सशक्तिकरण को बड़ा बल मिला है. सरकार का कहना है कि रोजगार और कौशल विकास के इस संयुक्त मॉडल ने स्थानीय स्तर पर नौकरी बढ़ाई है, जिसके चलते पलायन में कमी आई है. राज्य 2047 तक विकसित प्रदेश बनने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है.

# झारखंड में बदलाव की अटकलें तेज

### सीएम सोरेन की दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात

**रांची/नई दिल्ली, 4 दिसंबर. झारखंड में महागठबंधन में सबकुछ ठीक न चलने की अटकलें तेज हो गई हैं. बिहार विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर जेएमएम-कांग्रेस के बीच खटास के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन अचानक दिल्ली गए.**

इसी दौरान राज्यपाल संतोष गंगवार की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात ने सियासी हलचल और बढ़ा दी. राजनीतिक गलियारों में इन घटनाओं को जोड़कर देखा गया और अटकलें लगने लगीं कि जेएमएम



महागठबंधन तोड़ कर बीजेपी के साथ नई सरकार बना सकती है. हालांकि, जेएमएम के नेताओं ने इसे नकारते हुए कहा कि राज्य में गठबंधन स्थिर है. बिहार विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर महागठबंधन में शुरू हुई खटास झारखंड की राजनीति में नई अटकलों को जन्म दे रही है. कांग्रेस और राजद ने बिहार में जेएमएम को चुनाव लड़ने के लिए एक भी सीट नहीं दी.

सियासी गलियारों में इन घटनाओं को जोड़कर देखा जाने लगा, जिससे अटकलें तेज हुई कि जेएमएम महागठबंधन छोड़कर बीजेपी के साथ सरकार बना सकती है. हालांकि, जेएमएम के राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद ने कहा कि बिहार चुनाव में नाराज़गी रही, लेकिन झारखंड में महागठबंधन स्थिर है और सत्ता में कोई बदलाव संभव नहीं. इतिहास भी यह दर्शाता है कि बीजेपी और जेएमएम झारखंड में पहले भी दो बार मिलकर सरकार बना चुके हैं. साल 2009 और इसके बाद के उदाहरणों में हेमंत सोरेन डिप्टी सीएम बने.

# नीतीश ने आरजेडी से कहा आपके साथ अब कभी नहीं आएंगे

**पटना, 04 दिसंबर.बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सदन में आरजेडी के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि वे कभी भी आरजेडी के साथ गठबंधन नहीं करेंगे.**

सदन में उन्होंने कहा कि पहले गठबंधन के दौरान आरजेडी के



व्यवहार से गड़बड़ी हुई और अब इस कारण से उनका सहयोग समाप्त हो चुका है. नीतीश कुमार ने सदन में आरजेडी विधायक भाई वीरेंद्र को भी संबोधित करते हुए कहा कि उनके द्वारा बार-बार समस्याएं खड़ी की गईं,


## इचलकरंजी महानगरपालिका, इचलकरंजी
ता. हातकणंगले जि. कोल्हापूर

**जाहीर फेर ई निविदा सूचना क्र. ८/२०२५-२०२६**

आरोग्य विभागाकडील कामाची जाहीर फेर ई निविदा क्रं. ८/२०२५-२६ www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दि. ५/१२/२०२५ रोजी स. ११.०० वाजले पासून प्रसिध्द करणेत येत आहे. सविस्तर जाहिरात www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.

सही/-
उपायुक्त
इचलकरंजी महानगरपालिका


### एक नजर में



### अमेरिका का एफ-16 फाइटर क्रैश

**कैलिफोर्निया, 04 दिसंबर.** अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक एफ-16 फाइटर जेट ट्रेनिंग मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया. यह हादसा ट्रोना एयरपोर्ट के पास हुआ, जहां एलीट थंडरबर्ड्स स्क्वाड्रन का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया. जैसे ही जेट जमीन से टकराया, वह आग के गोले में बदल गया और घटनास्थल से धुएं का गुबार उठता देखा गया.अमेरिकी एयरफोर्स के मुताबिक, घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 11 बजे हुई. फाइटर जेट डेथ वैली के दक्षिण में स्थित एक दूरदराज रेगिस्तानी इलाके में गिरा. वीडियो फुटेज में साफ दिखा कि विमान नीचे गिरने से पहले पायलट समय रहते इजेक्ट हो गया था. पैराशूट की मदद से वह सुरक्षित नीचे उतरा. पायलट को केवल हल्की चोटें आईं और उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है. वायुसेना ने बताया कि अभी क्रैश के कारणों का पता नहीं चल पाया है.

### तुरा में ईडी का छापा, कोष दुरुपयोग का मामला

**नई दिल्ली, 04 दिसंबर.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को तुरा, पश्चिमी गारो हिल्स में अपनी पहली छापेमारी कर गारो हिल्स स्वायत्ता जिला परिषद (जीएचएडीसी) के धन के दुरुपयोग के आरोपों की जांच की. यह छापेमारी आरोपित व्यक्तियों से जुड़ी पांच संपत्तियों पर की गयी है. ईडी के अधिकारियों ने बताया कि मुख्य आरोपी बोस्टन मराक, इस्माइल मराक, और ठेकेदार क्यूबोन संगमा और निकसेंग संगमा हैं. जांच में यह खुलासा हुआ है कि परिषद के तहत असनांग विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए आवंटित 28 .66 करोड़ रुपये का गलत तरीके से उपयोग किया गया. अधिकारियों का कहना है कि यह धनराशि उन परियोजनाओं के लिए उपयोग नहीं की गई, जिनके लिए इसे जारी किया गया था. ईडी की जांच में पाया गया कि नियमों का उल्लंघन करते हुए स्वीकृत धनराशि का लगभग 60 प्रतिशत एक असामान्य अग्रिम के रूप में दो ठेकेदारों को जारी किया गया था.

### 30 लाख मतदाता प्रभावित होने की आशंका

**कोलकाता, 04 दिसंबर.** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों की तैयारियों के बीच चुनाव आयोग ने मतदाता सूची में गंभीर गड़बड़ी का खुलासा किया है. आयोग ने राज्य के 30 विधानसभा क्षेत्रों के 30 बूथों में ऐसे मतदाताओं की पहचान की है, जिनके माता-पिता के नाम 2025 के रिकॉर्ड से मेल नहीं खाते. इस असामान्यता से न केवल डेटा की विश्वसनीयता पर सवाल उठे हैं, बल्कि यह भी आशंका जताई जा रही है कि इस त्रुटि का असर करीब 30 लाख मतदाताओं पर पड़ सकता है.

# किसानों को सब्सिडी समय पर दी जाएं

### राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड की बैठक में बोले शिवराज सिंह

**नई दिल्ली, 4 दिसंबर. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज कृषि भवन, नई दिल्ली में राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के निदेशक मंडल की 33वीं बैठक आयोजित हुई.**

बैठक में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर भी उपस्थित थे. फ्लैगशिप कार्यक्रमों की समीक्षा और रणनीति निर्धारण-बैठक में शिवराज सिंह चौहान ने योजनाओं की समीक्षा की। विशेष रूप से वाणिज्यिक बागवानी विकास योजनाएं, कोल्ड-चेन अवसंरचना



परियोजनाएं, क्लस्टर विकास कार्यक्रम क्षेत्र-विशिष्ट बागवानी क्लस्टरों के माध्यम से उत्पादकता और बाजार जुड़ाव को बढ़ाने की नई पहल, क्लीन प्लांट कार्यक्रम-उच्च मूल्य वाली फसलों के लिए रोग-मुक्त पौध सामग्री उपलब्ध कराने के बारे में चर्चा हुई. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने निर्देश दिया कि योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध, पारदर्शी और किसान-केंद्रित हो तथा किसानों को सब्सिडी भी समय पर दी जाएं, इस संबंध में कोई शिकायत नहीं आना चाहिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं से, समान रूप से सभी राज्यों में हमारे छोटे किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचना चाहिए, उनकी आय बढ़ना चाहिए, विशेषकर पूर्वोत्तर के राज्यों के किसानों को भी फायदा मिलना चाहिए। साथ ही, शिवराज सिंह ने किसानों के हित में, जल्दी खराब होने वाले बागवानी उत्पादों के संबंध में विशेष रणनीति बनाने पर जोर दिया, ताकि इनकी सेल्फ लाइफ बढ़े, किसानों को नुकसान नहीं हो और नुकसान से बचने के लिए अवेयरनेस प्रोग्राम भी चलाए जाएं.

## मदीना से आ रही इंडिगो की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली, 04 दिसंबर.** बम की धमकी के बाद एक और विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी है. मदीना से हैदराबाद जा रही इंडिगो की उड़ान 6ई 058 को कथित तौर पर बम की धमकी मिलने के बाद अहमदाबाद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी है. फ्लाइट में 180 यात्रियों के अलावा 6 क्रू मेंबर्स सवार थे. 2 दिन पहले भी विमान में मानव बम की धमकी की वजह से मुंबई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी थी. एयरपोर्ट से जुड़े सूत्रों ने बताया कि इंडिगो की फ्लाइट ने मदीना से उड़ान भरी थी और वह हैदराबाद जा रही थी. इस बीच विमान में बम होने की धमकी मिली. धमकी मिलते ही अधिकारी अलर्ट मोड में आ गए. ऐसे में विमान को अहमदाबाद डायवर्ट करना पड़ा और इसकी अहमदाबाद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी.

### एक साथ चुनाव पर विशेषज्ञों से मंथन

**नई दिल्ली.** लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं में एक साथ चुनाव कराने की दिशा में सरकार के सबसे अहम कदम—एक देश, एक चुनाव को आगे बढ़ाने के लिए संसद की संयुक्त समिति ने विशेषज्ञों से राय लेने का कार्यक्रम तय कर दिया है.

# अमेरिका में पाक पीएम और आर्मी चीफ पर बैन की मांग

### 44 अमेरिकी सांसदों ने विदेश मंत्री को चिट्ठी लिखी

**वॉशिंगटन डीसी, 04 दिसंबर. अमेरिकी संसद के 44 सांसदों ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो को चिट्टी लिखकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है.**

इन सांसदों का आरोप है कि पाकिस्तान में सेना सरकार चला रही है. देश में आम लोगों के अधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन हो रहा है. विदेश में रहने वाले पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी



नागरिकों को भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने पर धमकियां दी जा रही हैं. यह चिट्ठी डेमोक्रेटिक महिला सांसद प्रमिला जयपाल और सांसद ग्रेग कासर के नेतृत्व में लिखी गई है. इसमें सांसदों ने कहा कि पाकिस्तान में तानाशाही बढ़ रही है. पत्रकारों को धमकाया जा रहा है, अगवा किया जा रहा है या देश छोड़ने पर मजबूर किया जा रहा है.

### पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल का निधन



**नई दिल्ली.** मिजोरम के पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल का आज यहां निधन हो गया. वह 73 साल थे. श्री स्वराज के परिवार के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उन्होंने यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अंतिम सांस ली. उनका अंतिम संस्कार शाम साढ़े चार बजे लोधी रोड श्मशान में किया जायेगा. उनकी पत्नी पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वाराज का अगस्त 2019 में निधन हो गया था.


## रोज वैली की संपत्तियों आदि की बिक्री संबंधी समिति
[अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति दिलीप कुमार सेठ (सेवानिवृत्त)]
कमरा नं. 401 एवं 402, चौथी मंज़िल, 5, मैंगो लेन, कोलकाता 700001

**रोज वैली समूह की कंपनियों के जमाकर्ताओं (डिपॉज़िटर) हेतु सूचना (नोटिस)**

रिट याचिका सं. 2016 की 27005
कालीपद पाल एवं अन्य
बनाम
भारत का संघ एवं अन्य
और
रिट याचिका सं. 2015 की 275
रोज वैली रियल इस्टेट एंड कंस्ट्रक्शन लि. एवं अन्य
बनाम
पश्चिम बंगाल राज्य एवं अन्य

माननीय कलकत्ता उच्च न्यायालय के तारीख 11 मई, 2015 के आदेश के अनुसार, माननीय न्यायमूर्ति दिलीप कुमार सेठ (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में संपत्तियों आदि की बिक्री संबंधी समिति का गठन किया गया था। माननीय कलकत्ता उच्च न्यायालय ने तारीख 21 सितम्बर, 2023 का आदेश जारी करके यह निदेश दिया था कि एक वेबसाइट बनाई जाए, जिसके जरिए रोज वैली के जमाकताओं (डिपॉज़िटर) से दावे मंगवाए जाएं और साथ ही अन्य जरूरी जानकारी जमाकताओं के लिए इस वेबसाइट पर डलवा दी जाए।

माननीय समिति ने 18 मार्च, 2024 को यह निदेश दिया है कि :

संपत्तियों आदि की बिक्री संबंधी समिति की वेबसाइट (www.rosevalleyadc.com) शुरू हो गई है। जमाकताओं से अनुरोध है कि वे इस वेबसाइट पर अपने दावे प्रस्तुत करें। दावा प्रस्तुत कैसे करना है, इसकी जानकारी इस वेबसाइट पर दी हुई है। सभी जमाकताओं से अनुरोध है कि वे इस वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार ही अपने दावे प्रस्तुत करें वेबसाइट पर प्रस्तुत किए गए दावों का सत्यापन करने और उनकी जाँच करने के बाद ही जमाकताओं को भुगतान किया जाएगा।

आदेश द्वारा

स्थान: कोलकाता
दिनांक: 03 नवंबर, 2025

CBC 15204/11/0191/2526


**नौसेवा दिवस** | नौसेना के योगदान और उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को राजनेताओं ने किया याद


# भारतीय नौसेना हिम्मत और इरादों की मिसाल : पीएम

**नई दिल्ली, 04 दिसंबर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौसेना दिवस के अवसर पर भारतीय नौसेना के सभी जवानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय नौसेना असाधारण हिम्मत और पक्के इरादे का दूसरा नाम है.**



प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर साझा किए अपने संदेश में नौसेना के योगदान और उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को याद किया. श्री मोदी ने कहा कि भारतीय नौसेना हमारे तटों की सुरक्षा करती है और समुद्री हितों की रक्षा सुनिश्चित करती है. उन्होंने हाल के वर्षों में नौसेना द्वारा आत्मनिर्भरता और आधुनिकीकरण पर किए गए प्रयासों को भी सराहा, जिससे देश की सुरक्षा प्रणाली और अधिक मजबूत हुई है. प्रधानमंत्री ने इस वर्ष की दिवाली की याद साझा करते हुए बताया कि उन्होंने आईएनएस विक्रांत पर नौसेना के जवानों के साथ दिवाली मनाई, जो उनके जीवन का अविस्मरणीय अनुभव रहा. उन्होंने नौसेना के जवानों के समर्पण, साहस और उनके भावी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं भी दी. हर वर्ष 4 दिसंबर को नौसेना दिवस मनाया जाता है. इस वर्ष मुख्य समारोह तिरुवनंतपुरम के षणमुगम समुद्र तट पर आयोजित किया गया, जहां नौसेना के युद्धपोतों का भव्य प्रदर्शन हुआ. राष्ट्रपति ने भी समारोह में भाग लिया और तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर के रूप में नौसेना के जवानों के प्रदर्शन का अवलोकन किया.

### राजनाथ सिंह ने नौसेना को बताया अग्रदूत



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना दिवस के मौके पर भारतीय नौसेना को शुभकामनाएं दीं और एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए नौसैनिक कर्मियों के साहस, पेशेवर क्षमता की सराहना की. उन्होंने लिखा नौसैनिक शक्ति होने के नाते, नौसेना बहादुरी व आत्मनिर्भरता की प्रतिबद्धता के साथ देश के समुद्री हितों की रक्षा करती है.

### शाह बोले—नौसेना राष्ट्र की अटूट ढाल



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नौसेना को शुभकामनाएं देते हुए वीर जवानों के साहस, समर्पण और बलिदान को याद किया. उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि भारतीय नौसेना राष्ट्र की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा ही नहीं करती बल्कि देश की आर्थिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों को भी सुरक्षित रखती है.


## एमबी पॉवर (मध्य प्रदेश) लिमिटेड
### सार्वजनिक सूचना

मध्य प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग (''एमपीईआरसी''), भोपाल ने अपनी आदेश दिनांक 27.11.2025 के तहत याचिका संख्या 23/2025 में एमबी पावर (मध्य प्रदेश) लिमिटेड के अनुपपुर थर्मल पावर परियोजना (''प्रोजेक्ट'') के फ्लू-गैस डीसल्फ्युराइजेशन सिस्टम (''एफजीडी'') के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 से वित्तीय वर्ष 2028-29 का बहुवर्षीय पूरक टैरिफ निर्धारित किया है, जिसका सारांश निम्नलिखित है :- (रूपये करोड़ में)

| सं क्र. | विवरण | वित्तीय वर्ष 2024-25 यूनिट-1 01.04.2024 से 31.05.2024 | वित्तीय वर्ष 2024-25 यूनिट-1 और 2 01.06.2024 से 31.03.2025 | वित्तीय वर्ष 2025-26 | वित्तीय वर्ष 2026-27 | वित्तीय वर्ष 2027-28 | वित्तीय वर्ष 2028-29 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंश पूंजी पर प्रतिलाभ | 13.94 | 27.32 | 27.32 | 27.32 | 27.32 | 27.32 |
| 2 | अवमूल्यन / अवक्षयण | 20.19 | 42.38 | 42.38 | 42.38 | 42.38 | 42.38 |
| 3 | ब्याज और ऋण पूंजी | 27.89 | 58.42 | 54.34 | 49.89 | 45.44 | 40.99 |
| 4 | प्रचालन और संधारण व्यय | 7.26 | 14.71 | 15.49 | 16.30 | 17.16 | 18.07 |
| 5 | कार्यशील पूंजी पर ब्याज | 1.68 | 3.44 | 3.42 | 3.38 | 3.36 | 3.34 |
| 6 | पूरक वार्षिक क्षमता (निश्चित) शुल्क (एएफसी) | 70.97 | 146.28 | 142.95 | 139.29 | 135.67 | 132.11 |
| 7 | परियोजना की स्थापित क्षमता के 30% के अनुरूप पूरक एएफसी | 21.29 | 43.88 | 42.89 | 41.79 | 40.70 | 39.63 |
| 8 | संचालन में दिनों की संख्या | 61 | 304 | 365 | 365 | 366 | 365 |
| 9 | **संचालन के दिनों की संख्या के लिए पूरक एएफसी** | **3.56** | **36.55** | **42.89** | **41.79** | **40.70** | **39.63** |
| 10 | **पूरक ऊर्जा शुल्क प्रभार (रु./इकाई)** | **0.046** | **0.046** | **0.046** | **0.046** | **0.046** | **0.046** |

विस्तृत आदेश वेबसाइट www.mperc.nic.in पर उपलब्ध है।

अभिषेक गुप्ता
(वाईस प्रसीडेंट)

दिनांक: 04.12.2025
एमबी पावर (मध्य प्रदेश) लिमिटेड